<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक 16.07.2021

थाना देवा पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया एक अदद मोबाइल फोन बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री यमुना प्रसाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण रखने के लिए सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ0 अवधेश सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री सीमा यादव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक देवा के नेतृत्व में आज दिनांक 16.07.2021 को थाना देवा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अमित शर्मा पुत्र कैलाश निवासी मल्हूपुर धोबीघाट दुबग्गा थाना काकोरी जनपद लखनऊ को बिसैंधा पुलिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से चोरी का एक अदद एन्ड्राइड मोबाइल फोन बिना सिम का बरामद हुआ। अभियुक्त के विरूद्ध थाना देवा पर मु0अ0सं0-256/2021 धारा 41/411/413 भादवि पंजीकृत किया गया।

अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि कोरोना महामारी के कारण कोई काम काज न होने के कारण छोटी-मोटी मोबाइल आदि की चोरी करके उनको बेचकर अपना जीवन यापन करता है। उक्त मोबाइल फोन करीब 15-20 दिन पहले सूरतगंज के पास ग्राम छेदापुरवा में शादी समारोह में चोरी किया था।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>
अमित शर्मा पुत्र कैलाश निवासी मल्हूपुर धोबीघाट दुबग्गा थाना काकोरी जनपद लखनऊ

<u>बरामदगी-</u>
चोरी किया गया एक अदद एन्ड्राइड मोबाइल फोन

<u>पुलिस टीम-</u>
1. प्रभारी निरीक्षक देवा श्री धीरज कुमार जनपद बाराबंकी।
2. उ0नि0 श्री सौम्य कुमार जयसवाल थाना देवा जनपद बाराबंकी।
3. का0 किशनप्रिय गौतम थाना देवा जनपद बाराबंकी।
4. का0 बुद्धेशमणि थाना देवा जनपद बाराबंकी।